संक्षिप्त

शौचालय का किया उद्घाटन

डूंगरपुर, (निसं)। पूर्व सांसद कनकमल कटारा ने उनके सांसद कार्यकाल के दौरान स्वीकृत किए गए 10 लाख राशि की लागत से बने सुविधाघर (शौचालय) का उद्घाटन किया। गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में बने इस सुविधाघर (शौचालय) के समारोह पूर्वक उद्घाटन अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक पटेल रणोली, नगर परिषद सभापति अमृतलाल कलासुआ, उपसभापति सुदर्शन जैन, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा गजेंद्र सिंह, पंकज जैन, अनुराग कटारा, ऋषि दवे आदि गणमान्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत करते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर दिनेश चंद्र धाकड ने कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर में जिला परिषद का ही एकमात्र सुविधाघर(शौचालय) था,जिसके कारण अनेक दिक्कतें आती थी। ऐसे में तत्कालीन सांसद कनकमल कटारा को अवगत करवाया गया, जिस पर उन्होंने तत्काल सांसद मद से 1० लाख राशि की स्वीकृति प्रदान की और कार्यकारी एजेंसी नगर परिषद के द्वारा प्रभावी मॉनिटरिंग के साथ कार्य करने के कारण शौचालय का कार्य समय पर पूर्ण हो पाया है।

दो बसों को किया सीज

डूंगरपुर, (निसं)। जैसलमेर बस अग्निकांड के बाद राजस्थान परिवहन विभाग अलर्ट हो गया है। इसीक्रम में डूंगरपुर परिवहन विभाग ने बसों की विशेष जांच शुरू की है। इस अभियान के तहत सुरक्षा मानकों का पालन न करने पर दो बसों को जब्त सीज किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी मनीष माथुर ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिले में उडनदस्तों द्वारा सघन जांच की जा रही है, जिसमें स्लीपर बसों की बॉडी और अन्य विभागीय मापदंडों की पडताल की जा रही है। यह अभियान जिले की सभी बसों की जांच पूरी होने तक जारी रहेगा। जांच के दौरान, परिवहन विभाग ने यात्री सुरक्षा मानकों पर खरा न उतरने वाली 2 बसों को सीज किया है। इसके अतिरिक्त, 8 बसों के चालान बनाए गए और उनसे 78 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। जिला परिवहन अधिकारी मनीष माथुर ने आमजन से अपील की है कि वे यात्री वाहनों की छत पर या क्षमता से अधिक सवारियों वाले वाहनों में यात्रा करने से बचें।

हर घर पहुंचेगी अग्रसेन की तस्वीर

उदयपुर, (कासं)। हिरणमगरी अग्रावाल समाज समिति पहली बार एक नई पहल कर रही है। हर अग्रजन के घर में महाराज अठासेनजी बिराजे इस भाव से अपने सदस्यों को घर-घर जाकर अग्रसेनजी की तस्वीर पहुंचाई जा रही है।समाज के अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल ने बताया कि तस्वीर का प्रथम पूजन बोहरा गणेश जी के मंदिर में कोषाध्यक्ष सतीश अठावाल, कमेटी सदस्य शिवप्रकाश अठावाल, राजेश अठावाल, सचिव उमेश अग्रवाल व विपिन गोयल आदि समाजजनों की उपस्तिथि में हुआ। कमेटी द्वारा घर-घर जाकर अग्रसेनजी की तस्वीर वितरण का कार्य चालू कर दिया गया है।

एक रूपये में 4-जी मोबाईल कनेक्शन

डूंगरपुर, (निसं)। दीपावली के अवसर पर बीएसएनएल ने मोबाइल उपभोक्ताओं के लिए दिवाली ऑफर प्लान जारी किया गया है। जिसके तहत उपभोक्ता को नई सिम लेने एवं एमएनपी करवाने पर मात्र 1 रूपया का भुगतान करने होगा। उप मण्डल अभियंता (प्रचालन) कार्यालय उप महाप्रबंधक बांसवाडा जय कुमार पंवार ने बताया कि उपभोक्ता उक्त सिम अपने नजदीकी बीएसएनएल उपभोक्ता सेवा केन्द्र या बीएसएनएल के अधिकृत रिटेलर से प्राप्त कर सकते है। उपभोक्ता को फ्रीडम प्लान के तहत 3० दिनों के लिए असीमित वौइस् कॉल्स, 2-जीबी हाई स्पीड इंटरनेट डाटा प्रतिदिन एवं 1०० एसएमएस प्रतिदिन प्राप्त होंगे। इस योजना के अन्तर्गत 1 रूपये में सिम दिनांक 15 नवम्बर-25 तक प्राप्त की जा सकती है।

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता कल से

उदयपुर, (कासं)। धनगर पूर्बिया समाज की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता को लेकर बैठक सुखाड़िया समाधि पर किशन कछावा के सानिध्य में हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि खेलकूद प्रतियोगिता 18 से 22 अक्टूबर तक चलेगी। खेलकूद प्रतियोगिताओं में क्रिकेट, रस्साकस्सी दौड़, बालिकाओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता होगी।

भीण्डर ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता की ली जानकारी

■ पूर्व विधायक भीण्डर ने सड़क निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

भीण्डर, (निसं)। पूर्व विधायक व भाजपा नेता रणधीर सिंह भीण्डर ने गुरूवार को मोटरसाइकिल पर सवार होकर गली-गली में घूम करके हो रहे सड़क निर्माण की गुणवत्ता की आमजन से जानकारी ली। भीण्डर नगर पालिका क्षेत्र में जारी सड़कों के निर्माण कार्यों को लेकर रणधीर सिंह भीण्डर ने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया।

उन्होंने मौके पर आमजन से बातचीत कर सड़कों की गुणवत्ता और कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान आम नागरिकों ने बताया कि नगर में सड़कों का निर्माण संतोषजनक और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जा रहा है। लोगों का कहना था कि लंबे समय से सड़कों की हालत खस्ताहाल थी, जिससे आवागमन में परेशानी होती थी, लेकिन अब नई सड़कों से राहत और सुविधा के साथ-साथ दीपावली पर्व की रौनक रहेगी। उल्लेखनीय है कि समाचारों और सोशल मीडिया पर सड़कों के निर्माण को लेकर घटिया निर्माण के आरोप लगाए जा रहे थे। भीण्डर नगर पालिका क्षेत्र में काफी समय के बाद सड़कों का निर्माण हो रहा है। इससे नगर के विभिन्न मार्गों की खस्ताहाल सड़कों का रूप बदल करके नया होने से आमजन को काफी राहत मिल रही है। लेकिन सड़कों के निर्माण को लेकर राजनीति करके काम रूकवाने की मंशा रखकर इसकी भ्रामकता फैलाई जा रही है। जिससे नुकसान आमजन का ही होने वाला है। इसको लेकर ही पूर्व विधायक ने निरीक्षण का कदम उठाया। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष मगनीराम रेगर, पार्षद जितेन्द्र साहु, ओमप्रकाश भोई व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।रणधीर सिंह भीण्डर, पूर्व विधायक वल्लभनगर ने बताया कि नगर पालिका में पिछले चार-साढ़े चार वर्षों में कांग्रेस सरकार के समय नियमित ईओ नहीं होने से विकास कार्य अटके हुए थे। अब भाजपा सरकार आने के बाद नियमित ईओ की नियुक्ति हुई है और विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। जब काम शुरू हुआ तो कुछ लोगों को यह बात रास नहीं आ रही, इसलिए भ्रामक प्रचार किया जा रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि वास्तविकता यह है कि सड़कों के निर्माण से आमजन प्रसन्न हैं और क्षेत्र के लोगों को अब बेहतर सुविधा मिल रही है।

तीन गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। आसपुर पुलिस ने बुधवार रात एक बडी कार्यवाही करते हुए अहमदाबाद से धरियावद जा रही एक निजी बस से विस्फोटक सामग्री जब्त की है। चेकिंग के दौरान बस में अवैध पटाखे के तीन बडे कार्टन मिले, जिसके बाद बस को जब्त कर लिया गया। थानाधिकारी ने बताया कि गुरुवार सुबह उदयपुर-बांसवाडा मार्ग पर सोम नदी पुल पर नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान अहमदाबाद से धरियावद की ओर आ रही सवारियों से भरी एक निजी बस को रोका गया और उसकी तलाशी ली गई।

जांच के दौरान बस में अवैध रूप से पटाखे और विस्फोटक सामग्री के तीन बडे कार्टन पाए गए। जब इन सामग्री से संबंधित दस्तावेज मांगे गए, तो बस में मौजूद लोगों ने अनभिज्ञता जाहिर की। इसके बाद पुलिस ने बस के चालक, परिचालक और पटाखा व्यापारी को गिरफ्तार कर लिया।

पेसिफिक में 'वर्ल्ड एनेस्थिसिया डे' का हुआ आयोजन

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में वर्ल्ड एनेस्थिसिया डे आयोजन में विभिन्न विभाग के चिकित्सकों, रेजिडेंट डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ ने भाग लिया।इस अवसर पीएमसीएच के चेयरमैन राहुल अग्रवाल एवं एनेस्थिसिया विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.प्रकाश औदिच्य द्वारा केक काटकरचिकित्सकों को एनेस्थिसिया दिवस की शुभकामनाएं दी।

चेयरमैन राहुल अग्रवाल ने कहा कि एनेस्थेसिया चिकित्सा जगत का एक ऐसा आधार स्तंभ है जो सर्जरी को संभव बनाता है। एक सफल सर्जरी के पीछे एनेस्थेटिस्ट की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, लेकिन यह भूमिका अक्सर पर्दे के पीछे रह जाती है। हमें गर्व है कि हमारे संस्थान में इतना सशक्त और दक्ष एनेस्थिसिया विभाग कार्यरत है। इस दौरान एनेस्थिसिया विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.प्रकाश औदिच्य ने कहा कि 16 अक्टूबर 1846 को पहली बार एनेस्थिसिया का सार्वजनिक उपयोग किया गया था, जिसने चिकित्सा इतिहास को एक नई दिशा दी। हम उसी दिन की स्मृति में यह दिवस मनाते हैं। आज निश्चेतना विज्ञान ने इतनी प्रगति कर ली है कि जटिल से जटिल सर्जरी भी बिना दर्द के संभव हो गई है। उन्होंने विभाग के सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि टीम वर्क, निरंतर अनुसंधान और आधुनिक तकनीक के उपयोग से मरीजों को सुरक्षित और कुशल चिकित्सा सेवा देना हमारा लक्ष्य है। इस अवसर एनेस्थिसिया विभाग के सभी चिकित्सक, सर्जन एवं अन्य विभागो के चिकित्सक भी मौजूद रहे।

दूसरी तिमाही के जारी किए वित्तीय परिणाम

चित्तौडगढ़, (निसं)। न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की एक प्रमुख निर्माण सामग्री कंपनी ने 30 सितंबर को समाप्त तिमाही के अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी निरंतर डीलीवरेजिंग पहलों द्वारा समर्थित एक मजबूत क्षमता-वृद्धि के रास्ते पर अग्रसर है।

हाल ही में अधिग्रहीत वडराज सीमेंट प्लांट की मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं का नवीनीकरण किया जा रहा है, जिसका लक्ष्य वित्त वर्ष 27 की तीसरी तिमाही तक ऑपरेशंस शुरू करना है। इसके अलावा कंपनी ने सोनाडीह सीमेंट प्लांट और ओडिशा सीमेंट प्लांट में रेलवे साइडिंग जैसी सभी आंतरिक परियोजनाओं को पूरा करने के बाद दिसंबर 2025 और मार्च 2027 के बीच चरणों में पूर्वी क्षेत्र में 4 एमएमटीपीए तक क्षमता विस्तार की भी शुरुआत की है, जिससे बाजारों की अधिक किफायती और कुशल सेवा संभव होगी।

इन सुधारों के साथ न्युवोको की सीमेंट क्षमता वित्त वर्ष 27 तक 35 एमएमटीपीए तक बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी ने तिमाही के दौरान बेहतर वार्षिक प्रदर्शन बनाए रखा।

आर्ट थेरेपी के साथ ध्यान विषय पर कार्यशाला

उदयपुर, (कासं)। मेन्टल वेल बीइंग क्लब, पैसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, पैसिफिक एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी, उदयपुर ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्षय में आर्ट थेरेपी के साथ ध्यान कार्यशाला का आयोजन किया गया।आर्ट थेरेपिस्ट और प्रशिक्षक श्वेता परीवाला ने प्रतिभागियों को ध्यान की विभिन्न तकनीकों और कला-आधारित चिकित्सीय प्रथाओं के बारे में मार्गदर्शन दिया।

कार्यशाला का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना और छात्रों को कला के माध्यम से तनाव दूर करने के रचनात्मक तरीके खोजने में मदद करना था। सत्र के दौरान, परीवाला ने अपनी कुछ कलात्मक कृतियों का प्रदर्शन किया और बताया कि कैसे प्रत्येक कृति भावनाओं और ध्यान से जुड़ती है। उन्होंने छात्रों को रंगों और चित्रों के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए भी प्रोत्साहित किया, जिससे यह अनुभव आकर्षक और चिंतनशील दोनों बन गया। छात्रों ने कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने विचारों, भावनाओं और व्यक्तिगत सफर को दर्शाती कलाकृतियाँ बनाईं। प्रतिभागियों द्वारा ध्यानात्मक कला के शांतिदायक प्रभावों का अनुभव करते हुए, वातावरण उत्साह और सकारात्मकता से भर गया। प्रबंधन संकाय के डीन, प्रो. दीपिन माथुर ने शैक्षणिक परिवेश में ऐसी कार्यशालाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मानसिक स्वास्थ्य समग्र व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास का एक महत्वपूर्ण पहलू है।

मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए चैंबर तत्पर है : गुप्ता

■ के.के. गुप्ता ने बिजली, पेयजल विभाग और रुडिप के अधिकारियों के साथ बैठक ली

डूंगरपुर, (निसं)। नगर परिषद डूंगरपुर के पूर्व सभापति और जिले के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष के.के. गुप्ता ने कहा है कि डूंगरपुर नगर वासियों और व्यापारियों की प्रत्येक मूलभूत समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए चेंबर ऑफ कॉमर्स तत्पर रहेगा। बिजली, पानी और सड़क इत्यादि समस्याओं का तुरंत समाधान विभागीय अधिकारियों द्वारा होना चाहिए ताकि आगामी दीपावली त्यौहार में जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।

गुप्ता ने अपने निवास पर बिजली विभाग, पेयजल विभाग और सीवरेज लाइन से संबंधित रुडिप विभाग के अधिकारियों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। बैठक के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों और ठेकेदारों ने आगामी तीन दिन का समय मांगा है जिसके तहत शहर के सभी हेड पंप रिपेयर कर दिए जाएंगे तथा जहां-जहां पानी का लीकेज है सारे लीकेजो की मरम्मत तथा जहां पानी नहीं आ रहा है वहां पानी भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने के लिए सहायक अभियंता शंकर लाल डामोर ने बताया। वही, अधीक्षण अभियंता को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि कोई भी समस्या पानी संबंधित तीन दिन के अंदर-अंदर पूरी तरह से निस्तारण कर दी जाए। सीवरेज ठेकेदार के द्वारा तथा रुडिप के अधिकारियों द्वारा भी सारी समस्याओं का निपटारा करने के लिए 3 दिन का समय मांगा है तथा रात दिन लगकर सारी समस्याओं का निदान किया जाएगा। विद्युत विभाग के सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता ने बैठक में बताया कि अब मेंटेनेंस के नाम से लाइट बंद नहीं की जाएगी जहां भी ट्रिपिंग हो रही है उसे भी बंद किया जाएगा तथा जो परेशानी शहर वासियों को आ रही है वह समस्या अब नहीं रहेगी। चेंबर अध्यक्ष गुप्ता ने सभी शहर वासियों से निवेदन किया है कि अगर किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो वह व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क करें।

दीपावली पर जगमग हो रही झीलों की नगरी

■ यूडीए और नगर निगम की ओर से कराई जा रही शहर में विद्युत सज्जा

उदयपुर, (कासं)। दीपावली पर्व को लेकर झीलों की नगरी उदयपुर रोशनी से जगमगा उठी है। उदयपुर विकास प्राधिकरण और नगर निगम की ओर से शहर के सभी प्रमुख चौराहों, स्थलों, राजकीय भवन आदि पर आकर्षक विद्युत सज्जा की जा रही है। जिला कलक्टर नमित मेहता ने गुरूवार रात सिटी राउण्ड लेकर विद्युत सज्जा कार्य का अवलोकन किया। साथ ही अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए।

जिला कलक्टर नमित मेहता तथा युडीए आयुक्त राहुल जैन गुरूवार रात कलक्ट्रेट से रवाना होकर चेतक सर्कल होते हुए युडीए पुलिया पहुंचे। पुलिया, चौराहा तथा आसपास की जा रही विद्युत सज्जा का अवलोकन किया। इसके पश्चात् फतेहपुरा चौराहा, पुला, शोभागपुरा सर्कल, सुखाड़िया सर्कल आदि क्षेत्रों का भी भ्रमण कर विद्युत सज्जा एवं प्रकाश व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रमुख चौराहों और मार्गों पर छुट रहे डार्कजोन को भी कवर करते हुए लाइटिंग की व्यवस्था की जाए, ताकि दीपावली के दौरान कोई क्षेत्र अंधेरे में न रहे। उन्होंने कहा कि उदयपुर पर्यटन नगरी है, अत: दीपोत्सव के अवसर पर शहर की छटा देखने योग्य होनी चाहिए।

उन्होंने युडीए और नगर निगम अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सजावट कार्यों को शनिवार तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर यूडीए के अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजीव शर्मा, अधीक्षण अभियंता अनित माथुर सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। जिला कलक्टर नमित मेहता ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि दीपावली पर्व को लेकर युडीए व निगम स्तर पर हर संभव बेहतर से बेहतर विद्युत सज्जा कराई जा रही है।

कलक्टर को सौंपा ज्ञापन

डूंगरपुर, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) जिला कमेटी डूंगरपुर ने जिला अध्यक्ष मणिलाल मालीवाड के नेतृत्व में प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

जिला उप सभाध्यक्ष मक्सीराम फलेजा एवं जिला मंत्री धनराज खराडी ने बताया कि निदेशालय बीकानेर द्वारा जारी आदेश में दीपावली से पूर्व मात्र पाँच दिनों में स्कूलों के रंग-रोगन का कार्य पूरा करने को कहा गया है। संगठन का कहना है कि पर्याप्त बजट के अभाव में यह कार्य संभव नहीं है। साथ ही, दीपावली के कारण इस अवधि में पेंटर भी उपलब्ध नहीं हैं,क्योंकि वे पहले से ही अन्य कार्यों में व्यस्त हैं। संगठन ने कहा कि यदि स्कूल बिल्डिंग की मरम्मत और रंग-रोगन, जिसमें सामान्यत: 20-25 दिन का समय लगता है,वह मात्र पाँच दिनों में कैसे पूरा हो सकता है। जिला उपाध्यक्ष देवीलाल गौड ने कहां कि विद्यालयों में सबसे बडे उत्सव स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और प्रवेशोत्सव होते हैं। अत:यदि यह कार्य नए सत्र से पूर्व ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान करवाया जाए,तो इसके बेहतर परिणाम सामने आएंगे।

गौड ने आगे कहां कि विद्यालयों के भौतिक स्वरूप को मजबूत करने का निदेशालय का प्रयास सराहनीय है,लेकिन इसे धरातल पर उतारने के लिए पर्याप्त बजट की व्यवस्था की जाए और कार्य की समय सीमा नए सिरे से तय करने का कष्ट करें। संगठन हर सकारात्मक कार्य के संपादन हेतु सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। ज्ञापन सौंपने के कार्यक्रम में सतीश अहारी, सोहनलाल भगोरा, मती पुष्पा वरहात, कमलेश डामोर, जगदीश प्रसाद खराडी, सुभाष रोत, गीता अहारी, शांतिलाल बरांडा सहित कई शिक्षक नेता मौजूद थे।

नकली घी जब्त

उदयपुर। डीएसटी एवं गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 3795 किलो नकली घी जब्त किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में गोवर्धन विलास थानाधिकारी दिलिपसिंह झाला के नेतृत्व में गठित पुलिस दल ने डीएसटी टीम प्रभारी श्यामसिंह की सूचना पर कार्यवाही की।

सार-समाचार

जवानों को दिया सीपीआर प्रशिक्षण

राजसमंद, (निसं)। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा, राजसमंद द्वारा सीपीआर अवेयरनेस कार्यक्रम के तहत पुलिस लाइन राजसमंद में जवानों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चिकित्सकों ने जवानों को सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) देने की जीवन रक्षक प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।रेडक्रॉस के मानद सचिव बृजलाल कुमावत ने बताया कि आपातकालीन जरूरत पड़ने पर सीपीआर देकर किसी भी व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि राज्य शाखा के चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला के निर्देशन में राजस्थान में 13 से 17 अक्टूबरतक सीपीआर अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान पुलिस जवानों के सवालों के जवाब दिए गए और उन्हें सीपीआर का अभ्यास भी कराया गया। प्रवक्ता सुरेश भाट ने जानकारी दी कि केंद्रीय रेडक्रॉस द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार, राज्य शाखा के चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला के आदेश पर और जिला कलेक्टर एवं प्रेसिडेंट अरुण कुमार हसीजा की प्रेरणा तथा चेयरमेन कुलदीप शर्मा के निर्देशन में जिले के शिक्षण संस्थाओं, कॉलेजों, बैंकों, जिला प्रशासन कर्मचारियों, पुलिस जवानों और आम नागरिकों के बीच सीपीआर अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पुलिस लाइन राजसमंद में जवानों को सीपीआर का प्रशिक्षण दिया गया। बताया गया कि दुर्घटनाग्रस्त होने, हार्ट अटैक आने या बेहोशी आदि आपातकालीन परिस्थितियों में समय रहते सीपीआर देकर व्यक्ति को नया जीवनदान दिया जा सकता है।

कार के इंजन में घुसा अजगर

उदयपुर, (कासं)। शहर के समीप रामपुरा चौराहा के पास कृष्णा घाटी क्षेत्र में एक कार के इंजन पर कुंडली मार बैठे अजगर को रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित निकाला।रामपुरा चौराहा इलाके में गुरुवार को एक कार के अंदर अजगर आने से हडकंप मच गया। अजगर कार के इंजन के ऊपर बैठा था। मौके पर भीड जमा हो गई। रेस्क्यू टीम ने मौके पर जाकर अजगर को सुरक्षित बाहर निकालकर जंगल में छोडा।घटना उदयपुर के रामपुरा चौराहा के पास कृष्णा घाटी क्षेत्र की है। स्थानीय लोगों ने एक कार के अंदर अजगर को देखा। कार कई दिनों से सडक किनारे खडी थी। इसके कारण आसपास रहने वाले लोगों ने शुरुआत में इसे सामान्य समझकर नजरअंदाज कर दिया। जैसे ही किसी ने कार के बोनट के नीचे हलचल देखी तो शक हुआ।बाद में नजदीक जाकर देखा तो कार के इंजन के पास एक बडा अजगर लेटा हुआ नजर आया। जानकारी मिलते ही इलाके में हडकंप मच गया। वन विभाग की रेस्क्यू टीम को सूचना दी। टीम आ गई पर कार की चाबी नहीं थी।मौके पर टीम पहुंच तो गई लेकिन कार की चाबी नहीं थी। पता किया तो सामने आया कि कार का मालिक दिल्ली में रहता है। कई दिनों से यह कार यहीं खडी है। ऐसे में टीम ने पास के ही एक कार डेकोर और लॉक मैकेनिक को बुलाया। उसने सावधानीपूर्वक कार का लॉक खुलवाकर दरवाजा खोला।रेस्क्यू टीम ने जब कार का बोनट खोला तो अंदर अजगर इंजन के ऊपर कुंडली मारे बैठा मिला। टीम ने काफी सतर्कता के साथ उपकरणों की मदद से अजगर को पकडने की कोशिश की। कुछ मिनटों की मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। रेस्क्यू के बाद अजगर को पास के जंगल क्षेत्र में सुरक्षित छोडा गया।

बिजली कटौती से परेशान, जताया विरोध

उदयपुर, (कासं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम द्वारा बार-बार पावर कट करने से परेशान बापू बाजार के व्यापारियों ने गुरुवार को गुलाब बाग स्थित पावर हाउस जाकर एक्सईएन योगिता सिंह राजावत के समक्ष विरोध व्यक्त किया और आए दिन होने वाली बिजली कटौती पर नाराजगी जताई। बापू बाजार व्यापारी संघ के अध्यक्ष सुखलाल साहू ने बताया कि पिछले 15 दिनों मे तीसरी बार सुबह 11 से 5 तक पावर कट करने की सूचना से बापू बाजार के व्यापारी आक्रोशित हो गए और व्यापारियों ने सुबह 11बजे गुलाब बाग पावर हाउस कार्यालय पहुंचकर एक्सईएन योगिता सिंह राजावत के समक्ष विरोध व्यक्त करते हुए पिछले पंद्रह दिन मे तीसरी बार पावर कट करने व उसके अलावा भी बार बार बिजली बंद होने से व्यापारियो को होने वाली परेशानीयो से अवगत कराया जिस पर राजावत ने व्यापारियों की समस्याओं पर सहमति जताते हुए तुरंत विद्युत आपूर्ति बहाल करवाई ।राजावत से भेंट के दौरान बापू बाजार व्यापारी संघ के अध्यक्ष सुखलाल साहू,महामंत्री नरेंद्र जैन,बापू बाजार व्यापार मंडल के अध्यक्ष विश्वेंद्र सिंह पंवार, बापू बाजार सर्किल एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद लोढा, महामंत्री यशवंत कटारिया के अलावा सुरेश किंगरानी,अम्बालाल साहू, सुशील बिलोची,सुरेश कुमार खुराना आदि व्यापारी उपस्थित थे।

रंग रोगन से निखरे विद्यालय भवन

बांसवाड़ा, (निसं)। राज्य सरकार की ओर से विद्या के मंदिरों को लक्ष्मी पर्व दिपावली पर रंग रोगन के साथ रोशनी पर्व पर रोशन करने के अभियान के तहत जिले के शिक्षालयों का भी स्वरूप बदलने के साथ रंग रोगन से विद्या के मंदिरों के हालात बदलते नजर आने लगे है। नौनिहालों को शिक्षा प्रदान कर जीवन में उजास का मार्ग प्रशस्त करने वाले शिक्षालयों के स्वरूप को निखारने के लिए विद्यालय प्रशासन के साथ ही विद्यार्थियों, अभिभावकों, समाजसेवियों में भी उमंग व उत्साह का माहौल बना हुआ है। जिले के सुदूर ठामीण क्षेत्रों में स्थित विद्या के मंदिरों की काया पलट होने लगी है। दिपावली पूर्व रोशनी से जगमगाने के लिए ज्ञान की ज्योति बिखरने वाले विद्यालय भवनों के रंग रोगन का कार्य अभियान के रूप में पूरा किया जा रहा है।

ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

बांसवाड़ा, (निसं)। कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ इंद्रजीत यादव ने आगामी त्यौहारों के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिये ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं।

18 अक्टूबर को धनतेरस, 20 को दिपावली, 22 को गोवर्धन पूजा, 23 को भाईदूज तथा 25 अक्टूबर को मन्शाव्रत चैथ के त्यौहार जिले में मनाये जायेंगे। इस दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं सद्भावना पूर्वक त्यौहार सम्पन्न कराने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गए हैं। आदेशानुसार उपखण्ड मजिस्ट्रेट, बांसवाडा को शहर बांसवाडा के लिये ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। वे शहर बांसवाडा में पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

इसके अलावा जिला मुख्यालय से बाहर के लिये उपखण्ड मजिस्ट्रेट को कुशलगढ़ नगर पालिका क्षेत्र सहित सम्पूर्ण कुशलगढ उपखण्ड क्षेत्र, उपखंड मजिस्ट्रेट-सज्जनगढ़, घाटोल, बागीदौरा, गढ़ी, आनंदपुरी तथा छोटीसरवन को उनके सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

जलदाय विभाग की टीम ने पाइप, बिजली केबल की जब्त

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर में घर में ट्यूबवेल लगवाकर टैंकरों से पानी की सप्लाई को लेकर पीएचईडी ने कार्रवाई की है। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर ट्यूबवेल को सीज कर दिया। टैंकरों से पानी की सप्लाई की विभाग को शिकायत मिली थी जिसके बाद कार्यवाही की गई।

शहर में कुछ लोगों की ओर से अवैध रूप से पेयजल सप्लाई करने की शिकायतें मिली, जिसके बाद पर जलदाय विभाग इसकी निगरानी की। इस बीच जानकारी आने पर एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा और पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता के निर्देश पर जलदाय विभाग की एक टीम ने पहाडा बोहरा गणेशजी क्षेत्र में जांच की। पहाडा बोहरा गणेशजी क्षेत्र में एक मकान पर पीएचईडी टीम ने ट्यूबवेल से एचडीपीई पाइप बाहर निकाले। पीएचईडी अधिशासी अभियंता अखिलेश शर्मा,शहर उपखंड सप्तम की सहायक अभियंता यामिनी उपाध्याय के नेतृत्व में टीम पहुंची।

उन्हें पाया कि बाबूलाल नाम का व्यक्ति अपने निजी ट्यूबवेल से अवैध रूप से पानी के टैंकरों की सप्लाई कर रहा था। टीम ने मौके से ट्यूबवेल के अंदर से एचडीपीई पाइप बाहर निकाले और साथ ही बिजली की केबल भी। टीम ने पंपसेट,एचडीपीई पाइप और बिजली केबल जब्त की है। सहायक अभियंता यामिनी उपाध्याय ने बताया कि पेयजल स्त्रोतों का अवैध दोहन गंभीर अपराध है और इस तरह की गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए)

क्रमांक: LU2012/UDP/2025-26/104094 दिनांक: 16/10/2025

लोक सूचना

श्री Panna Lal पुत्र श्री Bhera Urf Bhairu Lal Dangi जाति Dangi निवासी Kago Ko Nohara, Shobhagpura, Tehsil-Badgaon, Udaipur (Raj.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का वाणिज्य प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं	क्षेत्रफल (वर्ग मी.)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	शोभागपुरा, बड़गांव (उदयपुर)	Panna Lal S/o Bhera Urf Bhairu Lal Dangi	265/4	854	0.0854
				कुल	0.0854

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएमएस आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है।उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 16.10.2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी, उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए)

समूह लोन के नाम से साइबर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार